Title: Need to open a Central School at Aarrah in Bhojpur district, Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के भोजपुर जिला का मुख्यालय आरा है। इस जिले की आबादी लगभग 25 लाख है। यह जिला बिहार के पुराने जिलों में से एक है। यहां वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय है। जिला के मुख्यालय में अनेक शिक्षण-संस्थान और महाविद्यालय जैसे, हर प्रसाद जैन महाविद्यालय, महाराजा महाविद्यालय मं महादेव नन्द, मगध महाविद्यालय, जगजीवन राम महाविद्यालय, ब्रह्मर्षि महाविद्यालय और कई एक उच्च विद्यालय हैं। व्यावसायिक दृटि से यह बिहार राज्य का अग्रणी व्यावसायिक शहर है और छोटे-छोटे उद्योगों के लिए प्रसिद्ध है। यहां की अधिकतर आबादी गांवों में रहती है। यह शहर मुख्य रेलवे लाइन पर बसा हुआ है। यहां से अनेक बसें सासाराम, बनारस, पटना, बक्सर, बलिया, रांची और टाटा और कोलकता जाती हैं। कृिा की दृटि से यह काफी उपयोगी है। यहां चा वल की कई बड़ी मिलें हैं।

इतनी उपलब्धियों के बावजूद भी इस जिले में अभी केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। फलस्वरूप इस जिले के गरीब मेधावी छात्रों को अच्छी पढ़ाई से वंचित रहना पड़ता है। निजी विद्यालयों में ये आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं।

अतः मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री से अनुरोध करता हूँ कि इस जिले में अविलंब एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए।